हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 19 मई 2024
[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]

BALBHARTI PUBLIC SCHOOL
ENGLISH & हिन्दी MEDIUM
No Admission Fees
ADMISSION OPEN ENROLL NOW
हिन्दी MEDIUM 1st to 6th
Class 1st to 3rd 5000/-
Class 4th to 6th 6000/-
Bal Bharti Public School Baldev Bagh, Rajnandgaon Cont. - 76111-66661 / 96448-96441

# शाला अनुदान की राशि से खरीद लिया वाहन, खुलासे के डर से ऑडिट भी नहीं

- ब्लॉक के भालूकोन्हा स्कूल का मामला, शिकायत भी हुई
- तीन साल से ऑडिट ही नहीं कराया गया, इस बार हुआ
- नोटिस देकर मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव ब्लॉक के भालूकोन्हा स्कूल में एक अनोखा मामला सामने आया है। यहां के सरकारी शिक्षकों ने शाला अनुदान के लिए आने वाली राशि से अपने लिए दो पहिया वाहन खरीद लिया। करीबन दो साल पहले हुई इस खरीदी की पोल खुलने से बचाने के लिए स्कूल ने तीन साल से ऑडिट भी नहीं कराया।

इस बार जब ऑडिट के लिए टीम वहां पहुंची तो भी स्कूल प्रबंधन उन्हें सहयोग नहीं कर रहा है। जिसके बाद शिक्षा विभाग से प्रभारी प्रधान पाठक को नोटिस जारी की है। मिली जानकारी के अनुसार भालूकोन्हा स्थित प्राथमिक शाला में 2021 से 2022 के बीच प्रभारी रहे उमेश टंडन एवं सहायक शिक्षक सरस्वती बघेल द्वारा संयुक्त हस्ताक्षर से राजनांदगांव शहर स्थित अंशदीप होंडा को करीबन 52 हजार रुपए का भुगतान चेक से किया गया था। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस राशि से एक होंडा एक्टिवा की खरीदी की गई थी। इस मामले को दो साल तक दबाए रखा गया, ऑडिट भी नहीं कराया गया। मिली जानकारी के अनुसार कुछ साल से अब आडिट डिपार्टमेंट के बजाय निजी फर्म सीए को आडिट का ठेका दिया गया है।



## राशि से करना होता है जरूरी काम

मिली जानकारी के अनुसार शाला अनुदान के लिए जारी राशि से होंडा की खरीदी हुई थी। जबकि शाला अनुदान के लिए आने वाली राशि से संबंधित सरकारी स्कूल प्रबंधन को स्कूल की अतिआवश्यक खर्च स्टेशनरी, टीचिंग लर्निंग मटेरियल, स्कूल मैनेजमेंट, शिक्षा गुणवत्ता के लिए भौतिक संसाधन, स्कूल भवन के रंग-रोगन साज-सज्जा जैसे खर्च करना है। इसके विपरीत भालूकोन्हा स्कूल में 52 हजार रुपए का भुगतान अंशदीप मोटर्स को कर दिया गया है।

## तीन शिक्षकों को नोटिस जारी

मामले में विकासखंड स्त्रोत समन्वयक द्वारा उमेश टंडन, सहायक शिक्षक सरस्वती बघेल के साथ ही भालूकोन्हा शाला के प्रभारी प्रधान पाठक शशिकांत पंचभावे को नोटिस जारी किया गया है। उमेश टंडन और सरस्वती बघेल को नोटिस जारी कर कहा गया कि उनके द्वारा ऑडिट कार्य में सहयोग नहीं किया जा रहा है। वहीं अंशदीप मोटर्स को किए गए 52 हजार रुपए के भुगतान का बिल व्हाउचर प्रस्तुत नहीं करने पर जवाब मांगा गया। वहीं प्रभारी प्रधान पाठक शशिकांत पंचभावे को नोटिस जारी कर उनके द्वारा सहायक शिक्षक उमेश टंडन को किस बुनियाद पर प्रभार सौंपा गया, इसका जवाब मांगा गया है।

## एक साथ चार साल का ऑडिट

भालूकोन्हा सरकारी स्कूल में इस बार 2021-22, 2022-23, 2023-24 का इकट्ठे आडिट किया गया है। जबकि इससे पहले चार साल तक ऑडिट का काम नहीं किया गया। एक साथ ऑडिट होने के बाद गड़बड़ी पकड़ में आई। जिसके बाद भी कार्रवाई करने की बजाय विभाग शांत बैठा रहा, लेकिन मामला अन्य माध्यम से बाहर आने के बाद 14 मई को शिक्षा विभाग द्वारा दोनों शिक्षकों के साथ ही प्रभारी प्रधान पाठक को नोटिस जारी किया गया है।

# बड़े भाई का कत्ल कर तीस फीट गहरे कुएं में फेंका शव

- घुमका क्षेत्र के विजयतला में सनसनी खेज वारदात

हरिभूमि न्यूज ⏭ घुमका

संपत्ति विवाद के चलते छोटे भाई ने बड़े भाई की टंगिया से हत्या कर गहरे कुआं में फेंक दिया था। कुआं में शव मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है। जिससे पूछताछ की जा रही है।

थाना क्षेत्र घुमका के ग्राम विजयतला के होरी सेन के 30 फीट गहराई वाले सूखे कुएं में युवक का बोरे में बंद लाश मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस को सरपंच पति सूरज कोसरे ने शुक्रवार शाम को इसकी सूचना दी। सबसे पहले घटना की जानकारी कृषक होरीलाल को अपने पुत्र के माध्यम से हुई। उन्होंने सरपंच प्रतिनिधि सूरज को बताया। सूरज ने पुलिस को सूचित किया। कृषक होरीलाल के पुत्र अपने खेत गया था। कुआं के पास से दुर्गंध आने पर कुआं को झांककर देखा तो संदिग्ध वहां बोरे में बंद मानव शरीर मृत अवस्था में पड़ा हुआ था, किन्तु बोरे में बंद मानव शरीर होने का अंदाजा नहीं था। पुलिस के पहुंचने पर पुलिस ने ही मामले का पटाक्षेप किया। बोरा खोलने पर बोरे में पुलिस को मृत मानव शरीर मिला। पुलिस भी देखकर दंग रह गई। पुलिस तत्काल मामले की गंभीरता को देखते सूखे कुआं से लाश बरामद की और अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर ली।

पुलिस ने शुक्रवार को ही डेथ बाड़ी को अपने कब्जे में ले ली। जिसका शनिवार को शिनख्ती के बाद शाम को पोस्टमार्टम कराई। दूसरी ओर पुलिस ने गांव में कैंप कर अज्ञात आरोपी की पतासाजी में लग गई।

## टंगिया से वार कर की हत्या

पुलिस कड़ी मशक्कत के बाद संदेही तक पहुंचने में कामयाब हो गई। टीआई विनय कुमार ने बताया कि संदेही आरोपी से पूछताछ की जा रही है। बताया कि मृतक वेदप्रकाश निर्मलकर 27 वर्ष का संदेही सगा छोटा भाई 25 वर्षीय बालमुकुंद निर्मलकर ही आरोपी निकला। संदेही आरोपी ने पुलिस को बताया कि विगत वर्ष भी दोनों भाई के बीच विवाद हुआ था। जिसका मामला भी थाना में दर्ज है। पुलिस को बताया है कि बड़ा भाई वेदप्रकाश घर में हमेशा अशांति का माहौल बनाकर रखता था। जिससे घर के लोग परेशान थे। हालांकि पुलिस उसके बताए हुए कारणों से संतुष्ट नहीं है। हत्या का ठोस वजह जानने के लिए आरोपी से लगातार पूछताछ कर रही है। आशंका जताई जा रही है कि संपत्ति संबंधी विवाद के चलते उक्त घटना हुई।

## अवैध शराब की आशंका

ग्रामीणों के अनुसार आरोपी शराब के अवैध कारोबार में लिप्त था। बड़ा भाई शराब के अवैध कारोबार से चिढ़ता था। कई बार छोटे भाई को अवैध व्यवसाय से रोकने का प्रयास करता था। संदेह जाहिर की जा रही है कि हत्या का कारण यहां शराब का अवैध कारोबार ही है। शराब के अवैध कारोबार को नियंत्रित नहीं की गई तो इस तरह की घटनाओं की पुनरावृति होती रहेगी। विगत माह इसी विजयतला में एक बेटे ने अपनी जन्मदात्री मां का ही हत्या कर डाला। यहां भी वजह शराब ही था।

# फुड लाइसेंस के लिए रिश्वत फीस से अधिक चढ़ोतरी की राशि

**राजनांदगांव**। जिले में किसी भी प्रकार के होटल, रेस्टोरेंट या कैफे का संचालन से पहले प्रशासन से फूड लाईसेंस लेने की प्रक्रिया है। फूड लाईसेंस लेने के बाद ही प्रशासन आपको खाने का व्यापार करने की अनुमति देता है। इसके लिए बकायदा ऑनलाईन फार्म के साथ ही फीस भी तय है, लेकिन इन दिनों जिले में फूड लाईसेंस जारी करने वाले जिम्मेदार अफसरों ने तय फीस से अधिक रकम की डिमांड करना शुरू कर दिया है।

मिली शिकायत के अनुसार जिले में फूड लाईसेंस बनवाने के लिए दो हजार की तय फीस के अलावा पांच हजार रुपए तक रिश्वत की मांग की जा रही है। विभाग में पदस्थ एक अफसर के बारे में बताया गया कि वह अपने आपको राज्य का एक शीर्ष जनप्रतिनिधि का करीबी बताकर अपना भय का वातावरण बनाने में लगा हुआ है। उल्लेखनीय है कि ठेले, खोमचा में छोटा व्यापार करने वाले लोगों को भी फूड लाईसेंस जरूरी होता है। ऐसे में उनसे भी पांच हजार रुपए की रिश्वत मांगे जाने से अब नाराजगी बढ़ने लगी है।

## व्यापारियों ने की शिकायत

फूड लाईसेंस को लाईन अफसरों द्वारा की जा रही रिश्वतखोरी की शिकायत व्यापारियों ने एसडीएम अतुल विश्वकर्मा से भी की है। व्यापारियों ने एसडीएम को बताया कि हर लाईसेंस के लिए फूड निरीक्षक द्वारा व्यापारियों को परेशान किया जा रहा है। यही नहीं बिना चढ़ोत्तरी कोई काम नहीं किया जा रहा है। व्यापारियों ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से भी इस पूरे मामले की शिकायत की है।

# मोपेड़ चोरी का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

घर के पोर्च में रखे स्कूटी वाहन चोरी होने के मामले में जांच पड़ताल करते हुए पुलिस ने वाहन चोरी के आरोपी को पकड़कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी घनश्याम सिंह दीवान 46 साल निवासी गुरूदेव रेसीडेंसी कॉलोनी डोंगरगढ़ जो 16 मई को अपने परिवार के साथ महासमुन्द चले गए थे। मकान के पोर्च में एक बुलेट एवं एक स्कूटी वाहन खड़ी थी व घर के बाहर गेट में ताला लगा हुआ था। प्रार्थी घर वापस आकर देखा तो मकान के पोर्च में रखे स्कूटी टीव्हीएस जुपीटर को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था। जिसकी रिपोर्ट पर धारा- 454, 380 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया। इस मामले में पुलिस की अलग-अलग टीम बनाकर घटना क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगालकर आरोपी के पता तलाश में जुट गए। जिससे स्कूटी वाहन को चोरी करने वाले आरोपी योवेल शास्त्री 18 साल साकिन खैरागढ़ रोड डोंगरगढ़ को स्कूटी वाहन सहित पकड़कर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया है।

संजीवनी
राजनांदगांव का एकमात्र
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री रोग विभाग
Dr. Siddhi Sainik
MBBS, MD, Obstetrics, Gynecology
उपलब्ध सुविधाएं...
+ सभी उच्च जोखिम वाले गर्भधारण का प्रबंधन
+ सुरक्षित और सफल गर्भावस्था देखभाल
+ सामान्य प्रसव/दर्द रहित प्रसव और सीजेरियन जन्म
+ लैप्रोस्कोपी और कैंसर सहित गाइन सर्जरी
+ बांझपन का उपचार, + हिस्ट्रोस्कोपी
+ स्त्री रोग संबंधी सभी विकारों का उपचार
+ चिकित्सा और शल्य चिकित्सा संबंधी विकार
OPD : 1 PM to 5.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

आवश्यकता है
हरिभूमि
छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र में टीम लीडर एवं प्रसार सहायक की आवश्यकता है। जिसका हेड क्वाटर राजनांदगांव शहर होगा। कार्यक्षेत्र राजनांदगांव, बालोद, बेमेतरा, कवर्धा जिला रहेगा।
पद : टीम लीडर - 1 पद
योग्यता : स्नातक, उम्र- 25-30 वर्ष
वेतन 12,000 + 2000
पद : प्रसार सहायक - 5 पद
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक, उम्र- 20-30 वर्ष
वेतन 10,000 + 2000
इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ दिनांक 20 मई से 25 मई 2024 तक निम्न ईमेल आईडी एवं व्हाटसअप नम्बर पर तुरंत संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर
8370049468, 9098324969
Email id: cir.haribhoomi@gmail.com

EXPERT COACHING CLASSES RAJNANDGAON
NEET/JEE/FOUNDATION
ADMISSION OPEN ENROLL NOW
Congratulations to our Toppers
95% 10th ATHARV (ICSE BOARD)
80% 10th GAVAKSH (ICSE BOARD)
95% 10th VINISHA SAHU
86% 10th HIMANSHI
85% 10th GAGAN SAHU
84% 10th ABHINAV MADKE
81% 10th ANIK DEWANGAN
DROPPER BATCH NEET / JEE Registrations Open
2 Yrs. Course 11th + NEET / JEE 12th Board+ NEET / JEE
FOUNDATION Learn NEET / JEE 8th 9th 10th
REGULAR CLASSES 8th 9th 10th 11th 12th ICSE / CBSE / CG BOARD
Bal Bharti Public School Campus Baldev Bagh, Rajnandgaon
Cont. - 76111-66661 96448-96441

## खबर संक्षेप

### प्रोफेसर ने लगाया कुलपति पर जातिगत प्रताड़ना का आरोप

**खैरागढ़।** संगीत विवि के सहायक प्राध्यापक ने नृत्य कला संकाय अध्यक्ष और प्रभारी कुलसचिव पर जातिगत प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए छग राज्य अजा आयोग में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। विवि के कत्थक नृत्य विभाग मे 2007 से कार्यरत सहायक प्राध्यापक डॉ जितेश गढ़पायले ने संकाय अध्यक्ष प्रो डॉ नीता सिंह गहरवार पर जातिगत प्रताडऩा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि उच्च जाति के होने के कारण बीते कई सालो से उनके द्वारा भेदभाव किया जा रहा है।

### विद्युत व्यवस्था सुधारने के निर्देश

**डोंगरगढ़।** हवा तुफान के बाद



बिजली की आंख मिचौली को लेकर पूर्व विधायक विनोद खांडेकर ने विद्युत मंडल के मुख्य कार्यपालन अभियंता एनके साहू से चर्चा कर व्यवस्था सुधारने कहा है। उन्होंने बारिश के पूर्व मेंटनेंस करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में कई ट्रांसफार्मर जर्जर होने के साथ खुले हैं जिससे दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है। उन्होंने हवा तुफान को देखते हुए पेड़, टहनियों को हटाने, जर्जर पोलो, के अलावा कम उंचाई क्षेत्र से निकले हाईटेंशन तार को भी ट्रांसफर्मर, आउट कम टेबल को सुधार कर तत्काल व्यवस्था सुधारने कहा है।

### साखरे को मिली डाक्टरेट की उपाधि

**डोंगरगढ़ ।** प्रो जितेंद साखरे को



पीएचडी की उपाधि मिली है। उनकी इस उपलब्धि पर प्रेस क्लब के सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दिया है। श्री साखरे वर्तमान में रानी रश्मिदेवी महाविद्यालय खैरागढ़ के प्रोफेसर हैं। उन्हें पूर्व में राष्ट्रपति एवं राज्यपाल से अवार्ड मिल चुका है। उन्होंने बस्तर की आदिवासी संस्कृति पर आधुनिकता एवं विकास का प्रभाव, पर्यावरण सनपोषणीय के ऐतिहासिक विश्लेषण पर शोध किया है।

### परमालकसा स्कूल का परिणाम उत्कृष्ट



**सोमनी।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा दसवीं के परिणाम हाईस्कूल परमालकसा में घोषित किया गया। शाला के रवि कुमार पिता गणेशराम ने 86.66 प्रतिशत अंक अर्चित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं द्वितीय रहे ऋषि चेलक पिता द्वारिका चेलक ने 86. 16 प्रतिशत तथा तृतीय स्थान पर रहे रिंस कुमार चंदेल पिता मोहन चंदेल ने78.33 प्रतिशत अंक हासिल किए। परीक्षा में शामिल 49 छात्रों में प्रथम श्रेणी में 10, द्वितीय श्रेणी में 14 उत्तीर्ण हुए। छात्र-छात्राओं को शाला विकास समिति के अध्यक्ष माखन लाल साहू, सदस्य रामकिसुन साहू ने बधाई दी।

### स्वामी आत्मानंद में प्रवेश, निकली लाटरी



**खैरागढ़।** डॉ पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी शास उत्कृष्ट अंग्रेजी/हिन्दी माध्यम विद्यालय में कक्षा पहली से बारहवी विज्ञान में प्रवेश को लेकर लाटरी पद्धति से चयन किया गया।चयन समिति अध्यक्ष एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू, सदस्य सहायक संचालक शिक्षा विभाग रश्मि खरे, एबीईओ केएल अमेला, प्राचार्य आरएस वर्मा सहित स्टॉफ की मौजूदगी मे प्रवेश के लिए लाटरी पद्धति से कक्षावार बच्चो का चयन किया गया।चयनित छात्र छात्राओं को 21 मई तक संस्था में दाखिले के लिए दस्तावेज जमा करना अनिवार्य होगा। रिक्त सीटो पर 22 से 27 मई के बीच प्रतीक्षा सूची से चयन बाद प्रवेश होगा।

---

## किसानों व ग्रामीणों की सुविधा हमारी प्राथमिकता, नहर का निर्माण जल्द पूर्ण होगा: विधायक

# बकेला-क्रांति नहर विस्तारीकरण कार्य का विधायक भावना ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



पंडरिया विधानसभा में सिंचाई व पेयजल हेतु पर्याप्त जल आपूर्ति के लिए कुकदुर मंडल अंतर्गत निर्मित होने वाले बकेला-क्रांति फीडर केनाल के प्रस्तावित स्थल का पंडरिया विधायक ने यथास्थल पर जाकर निरीक्षण किया एवं ग्रामीणों व किसानों के साथ भी उन्होंने चर्चाकर अधिकारियों को निर्देशित किया।

इस दौरान किसानों की मांग को लेकर भी श्रीमती भावना बोहरा ने अधिकारियों को संज्ञान में लेते हुए किसान हित को प्राथमिकता देने की बात कही साथ ही सर्वे के कार्य एवं पूर्व में हुए कार्यों की भी समीक्षा उनके द्वारा की गई। विदित हो कि पूर्व की कांग्रेस सरकार के दौरान ओपन नहर को बंद नहर के रूप में परिवर्तित कर दिया गया था, इसके साथ ही विभाग द्वारा बिना टेंडर जारी किए पाइप लाइन की सप्लाई व उसका भुगतान भी कर दिया गया था, परन्तु श्रीमती भावना बोहरा द्वारा इस विषय में हस्तक्षेप के बाद पाइप लाइन की सप्लाई को रोका गया। इस दौरान विधायक ने कहा कि किसानों का हित एवं क्षेत्रवासियों की सुविधा ही हमारी प्राथमिकता है। किसानों द्वारा सिंचाई हेतु पर्याप्त जल की आपूर्ति हेतु यह बहुप्रतीक्षित मांग थी, परन्तु पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के दौरान इस कार्य में हुए अनियमितता के कारण इसमें विलंब हुआ। सर्वे के कार्य में भी किसानों व ग्रामीणों द्वारा अनियमितता की जानकारी मिली है जिसके लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया है वहीं किसानों व ग्रामीणों की मांग को प्राथमिकता देते हुए अधिकारियों को केनाल निर्माण के कार्य को जल्द पूरा करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। किसानों की फसल अच्छी हो और उन्हें सिंचाई व ग्रामीणों को निस्तारी कार्य के लिए पर्याप्त पानी मिल सकें यही हमारा लक्ष्य है और इसी के तहत इस केनाल का जल्द निर्माण हो सकें, इसके लिए आज ग्रामीणों व किसानों के साथ हमने यथास्थल का निरीक्षण किया।

### किसानों का सर्वांगीण विकास व उनके हितों के प्रति कार्य करना ही हमारा एकमात्र उद्देश्य

विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने कहा कि किसान भाई-बहन हर मौसम में चाहे वह तपती धूप हो या कड़ाके की ठण्ड या बारिश हर समय हमें भोजन उपलब्ध कराने के लिए कड़ा परिश्रम करते हैं, खून-पसीना एक कर फसल उगाते हैं ताकि कोई भूखा न रहें। ऐसे में हमारा भी दायित्व बनता है कि उनके अधिकार व हित के लिए हम अपने दायित्वों को पूरा करें। पूर्व की कांग्रेस सरकार द्वारा इस परियोजना को माध्यम से अपने करीबियों व चहेतों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से भ्रष्टाचार करने का प्रयास किया गया। जिसके लिए हमने मिलकर आवाज उठाई। परन्तु अब छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की भाजपा सरकार है जहां किसानों व जनता का सर्वांगीण विकास एवं उनके हितों के प्रति कार्य करना ही हमारा एकमात्र उद्देश्य है। हमने किसानों व ग्रामीणों से भी चर्चा की इस दौरान उनके भी सुझाव लिए गए हैं। मैं उन्हें आश्वस्त करना चाहती हूँ कि उनके सुझावों को भी प्राथमिकता के साथ पूरा करने के लिए विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

---

# टेंडर के तीन साल बाद सड़क निर्माण

■ शासन को नुकसान पहुंचा रहे अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

टेंडर के बाद पिछले 3 साल के लंबित कार्यों को आनन-फानन में शुरू करने का प्रयास अब लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जा रहा है। राजनांदगांव के ठेकेदार के नाम पर बागरेकसा मार्ग का तीन करोड़ का टेंडर स्वीकृत हुआ था। इस कार्य को लेकर ठेकेदार लगातार कोताही बरत रहा था।

हरिभूमि ने मामले प्रकाशित होने के बाद अधिकारियों ने कार्रवाई करने के बजाए काम शुरू करा दिया है। बताया जा रहा है कि पूर्व में कार्यों टेंडर लेने के बाद निर्माण में विलंब के चलते कार्यवाही हो चुकी है जिसके बाद ठेकेदार ने फर्म बदलकर फिर से काम लेना शुरू किया किन्तु निर्माण कार्यकी स्थिति ज्यों के त्यों बनी हुई है। उक्त ठेकेदार ने हाल में अधिकारियों के संरक्षण में अछोली कलकसा निर्माण फरवरी 2024 में किया गया। यह कार्य कागजों में ही कर राशि का आहरण कर लिया गया है। उक्त ठेकेदार पूर्व में सड़क चिरचारी, बागरेकसा, पीपरखार सड़क निर्माण किया था जिसमें अनियमितता बरतने की जानकारी सामने आई थी। सड़क के 6 माह में ही खराब होने की शिकायत हुई थी।

### स्टीमेट के विरुद्ध निर्माण

वर्तमान में प्लांदूर-डोड़की मार्ग की स्वीकृति मिली थी। 5 करोड़ के इस कार्य का ठेका दुर्ग के ठेकेदार को मिला है। यहां स्टीमेट को दरकिनार कर निर्माण कराया जा रहा है जिससे ग्रामीणों में नाराजगी है।

## चल रहा जमीन का गोरखधंधा

**डोंगरगढ़।** सीमांकन, नामांतरण आदि कार्य के एवज में इन दिनों तहसील कार्यालय में जमकर ऊगाही किया जा रहा है। शासकीय जमीनों पर अवैध कब्जा, कृषि भूमि पर अवैध निर्माण, अवैध प्लाटिंग, नियम विरूद्ध रजिस्ट्री का खेल बेरोकटोक चल रहा है।

अवैध प्लाटिंग की रजिस्ट्री में 15 हजार तक कमीशन लिया जा रहा है वहीं दूसरी तरफ किसी जमीन की रजिस्ट्री के पहले मूल्यांकन किया जाता है किन्तु 10 लाख की जमीन का बिक्रीनामा 3 से 4 लाख में कर शासन को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। सामान्य, उद्योग, कृषि भूमि की रजिस्ट्री में नियम दरकिनार कर निर्धारित दर से कम में रजिस्ट्री किया जा रहा है। पिछले एक साल में हुई रजिस्ट्री की जांच की जाए तो बड़ी गडबड़ी का खुलासा होगा। इस खेल में आरआई, पटवारी, तहसीलदार, रजिस्ट्रार कार्यालय के कर्मचारी सहित कुछ स्टाम्प वेंडर शामिल है। हाल ही में शहर की लाखों रूपयें की जमीन का फर्जी आधार कार्ड, चेक और दस्तावेज के आधार पर रजिस्ट्री करने का मामला प्रकाश में आया था। जानकार बताते है कि अवैध उगाही के चक्कर में दस्तावेज की जांच नहीं जाता है जिससे कूटरचना कर कुछ लोगों ने जमीन की रजिस्ट्री कराने में सफल हो जाते हैं।

---

## आत्मानंद में नि:शुल्क कोचिंग 20 से

**डोंगरगांव।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में प्रयास आवासीय प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने वाले बच्चो के लिए निः शुल्क कोचिंग का संचालन आगामी 20 मई से प्रतिदिन सुबह 8 बजे से 10 बजे तक विषय विशेषज्ञों द्वारा किया जाएगा। इस कोचिंग में आत्मानंद विद्यालय के अलावा अन्य विद्यालयों के छात्र छात्राएं भी भाग ले सकते हैं। कोचिंग में परीक्षा पैटर्न के हिसाब से अधिक अंक प्राप्त करने, परीक्षा की तैयारी आदि के बारे में बताया जाएगा । विद्यालय के प्राचार्य जयंत साहू के मार्गदर्शन में बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु विद्यालय के विषय विशेषज्ञों द्वारा समर कैंप और प्रयास कोचिंग का आयोजन विद्यालय में किया जाएगा । गणित तथा रीजनिंग विषय के लिए व्याख्याता संदीप वर्मा और वासुदेव साहू , विज्ञान के लिए निशा साहू और प्राची मिश्रा, सामाजिक विज्ञान के लिए गजेंद्र अष्टबंधु, हिंदी के लिए दीपक भगत, एनेन्द्र शर्मा, अंग्रेजी के लिए संध्या ठाकुर, सृष्टि शर्मा के साथ साथ छत्तीसगढ़ी विषय के लिए एनेंद शर्मा एवं अन्य विषय विशेषज्ञों द्वारा बच्चो को परीक्षा हेतु टिप्स दिए जाएंगे। विद्यालय में समर कैंप- मस्ती की पाठशाला का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बच्चों को खेलकूद, नृत्य, कंम्प्यूटर प्रशिक्षण, कैलिग्राफी, आर्ट एंड क्राफ्ट और कबाड़ से जुगाड़ के आदि सीखने मिलेगा। समर कैंप का आयोजन 20 से 31 मई प्रतिदिन सुबह 7.30 से 9.30 बजे तक होगा।

## विधायक वर्मा ने किया छात्र का सम्मान, घर पहुंचकर दी बधाई

**खैरागढ़।** छग माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा हाईस्कूल स्कूल के घोषित परीक्षा परिणाम मे



अमलीपारा वार्ड 12 में छात्र होमेश वर्मा के 93 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होने पर विधायक यशोदा वर्मा ने घर पहुँचकर सम्मान किया और बधाई दी। अमलीपारा निवासी आलोक वर्मा और माता प्रमिला वर्मा के पुत्र होमेश व परिजनों से मुलाकात कर बधाई देते हुए उन्होंने आगे की पढ़ाई के लिए हर संभव मदद का आश्वासन देते हुए बेहतर शिक्षा के लिए प्रेरित किया। विधायक श्रीमती यशोदा नीलांबर वर्मा ने जिले मे दसवी बारहवी बोर्ड परीक्षा मे स्थान प्राप्त के अलावा सभी सफल परीक्षार्थियो को बधाई देते हुए जिन बच्चो का परीक्षा मे कम अंक आया उन्हें निराशा से बचकर नए सिरे से आने वाले समय पर कड़ी मेहनत कर बेहतर परिणाम लाने कहा है।

# प्रशिक्षण के बाद छात्राओं को मिला प्लेसमेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोमनी



प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा अंजोरा में संचालित हॉस्पिटालिटी प्रशिक्षण केंद्र में बेरोजगार युवाओं हॉस्पिटालिटी कोर्स का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

बैच क्रमांक 18 की छात्राओं को 45 दिन का प्रशिक्षण दिया गया। सभी छात्राओं को विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने ऑफर लेटर प्रदान किया। डां. सिंह ने इस दौरान छात्राओं को घर परिवार के बारे में जानकारी ली और सभी से आगे पढ़ाई जारी रखने कहा। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद हॉस्पिटालिटी कोर्स की 4 छात्रा रिंकी, उमेश्वरी, रोशनी, हिमेश्वरी को भिलाई की होटल फ्लोरेट इन, हैदराबाद की होटल किनारा ग्रांड में दीप्ती, वैट्रीना, मोना, खुमेश्वरी को राजनांदगांव की होटल अमोरा में प्लेसमेंट मिला है। सेंटर के एडमिन धनेश्वर साहू ने बताया कि इन सभी को छत्तीसगढ़ में 9 हजार और हैदराबाद में 10 हजार सैलरी के साथ भोजन आवास-सुविधा मिली है। इस अवसर पर सृजन सामाजिक संस्था के अध्यक्ष शरद श्रीवास्तव तथा अंजोरा हॉस्पिटालिटी से एडमिन-धनेश्वर साहू, काउंसलर हिरमत साहू, ट्रेनर बैशाखी डे, ईडीपी कार्यक्रम रायपुर के मुरारी साहू उपस्थित थे।

## चौरे स्कूल के बच्चे मिले डॉ. रमन सिंह से



**खैरागढ़।** ब्लाक के देवरी मे संचालित केजऊ राम चौरे स्कूल के बच्चो ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से मुलाकात की। सत्र 23-24 मे स्कूल मे अध्ययनरत दो दर्जन से ज्यादा बच्चो का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़, सैनिक स्कूल अंबिकापुर मे प्रवेश के लिए हुआ है। शाला प्रबंधन की उपलब्धि क्षेत्र के गौरव का विषय है। पूर्व विधायक कोमल जंघेल के साथ मुलाकात के लिए पहुचे बच्चो को डॉ रमन सिंह ने अपने हाथो से मिठाई खिलाई और प्रतीक चिंह भेंटकर सम्मान करते हुए कहा कि वनांचल मे बसे छोटे से गाँव मे कम संसाधन होने के बावजूद शाला संचालन और बच्चो की प्रतिभा को तराशकर बेहतर भविष्य बनाने मे चौरे स्कूल स्टाफ का कार्य सराहनीय है। उन्होने शाला संचालक सुरेश कुमार चौरे को बधाई देते हुए आगे बढने प्रोत्साहित किया। इस दौरान बच्चो के साथ पूर्व विधायक कोमल जंघेल, छुईखदान मंडल भाजपा के नेतराम जंघेल सहित अन्य मौजूद थे।

---

## विधिक शिविर का आयोजन

# बंदियों को कराया न्यायधीशों ने विधिक अधिकारों से अवगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



सलोनी उप जेल मे निरूद्ध बंदियो को न्यायधीशो ने उनके विधिक अधिकारो से अवगत कराया। छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार जिविप्रासे अध्यक्ष सुषमा सावंत राजनांदगांव, सचिव हेमंत कुमार रात्रे और जेएमएफसी गुरु प्रसाद देवांगन ने उप जेल निरीक्षण किया।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुषमा सावंत द्वारा उप जेल मे निरूद्ध विचाराधीन बंदियों को संबोधित करते हुए निशुल्क व सक्षम विधिक सहायता के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि जो विचाराधीन बंदी अपने वेयर से अधिवक्ता नियुक्त करने में समर्थ नहीं हैं वह अपना आवेदन तालुक विधिक सेवा समिति में जेल अधीक्षक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं जहां से आपको केस में पैरवी करने के लिए अधिवक्ता निशुल्क नियुक्त किया जाएगा। सचिव हेमंत कुमार रात्रे ने बंदियों के अधिकारों के बारे में बताया कि कानून मुताबिक किसी भी शख्स को तब तक गुनाहगार नहीं माना जा सकता जब तक कि कोर्ट आरोपी को दोषी नहीं मानता। जब भी किसी शख्स के खिलाफ कोई आरोप लगता है तो वह आरोपी होता है और जब उक्त शख्स का केस अदालत के सामने आता है तब उसका यह संवैधानिक अधिकार है कि उसे अपने बचाव का मौका मिले।

इस दौरान दौरान जेल अधीक्षक योगेश कुमार बंजारे, शिशुपाल ठाकुर, पीएलवी गोलूदास साहू, प्रहरी प्रेम सागर साहू, यशवंत नायक, सुभाष बोई,यशवंत झरिया, प्रमोद कौशिक सहित विचाराधीन बंदी उपस्थित थे।

### जुर्म कबूल करने से सजा होती है कम

ज्यूडिशल मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी गुरु प्रसाद देवांगन ने प्ली बारगेनिंग के संबंध में बताया कि किसी व्यक्ति द्वारा किया गया ऐसा अपराध जिसकी सजा सात साल या उससे कम है, उसने पहली बार अपराध किया है तो वह अपनी सजा कम करने मजिस्ट्रेट के समक्ष आवेदन कर सजा में सौदेबाजी कर सकता है। छोटे अपराधों में पीड़ित और अभियुक्त आपसी सामंजस्य से सौदेबाजी कर सकते हैं। अगर कोई आरोपी अपनी गलती स्वीकार करता है तो उसे कम सजा दी जाती है लेकिन प्ली बारगेनिंग का लाभ किसी भी विचाराधीन आरोपी को एक बार ही मिल सकता है। डीजे श्रीमति सावंत द्वारा विचाराधीन बंदियों का हालचाल पूछा गया, उनके स्वास्थ्य के बारे में भी जाना गया साथ ही उनकी समस्याओं को भी सुनने के बाद बंदी बैरक, पाकशाला, वीसी कक्ष का निरीक्षण किया गया।

## स्कूल में समर कैंप 30 तक

**घुमका।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़े टेमरी में समर कैंप का आयोजन किया गया है जो आगामी 30 मई तक चलेगा। प्रभारी प्राचार्य नीलिमा ठाकुर ने बताया कि छात्र छात्राओं में अध्ययन अध्यापन में रूचि जगाने के लिए कैम्प में विभिन्न गतिविधियां आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में 16 से 18 मई तक अंग्रेजी से संबंधित विभिन्न क्रियाकलाप कराए गए। अंग्रेजी की व्याख्याता आशा शर्मा ने इंग्लिश ग्रामर से संबंधित



प्रश्नोत्तरी, ग्रीटिंग कार्ड बनाना, क्रिएटिव राइटिंग, स्पोकन इंग्लिश, सेंटेंस फॉरमेशन एवं इंग्लिश ट्री के माध्यम से ग्रामर को रोचक बनाने की गतिविधियां आयोजित किया। प्रभारी प्राचार्य नीलिमा ठाकुर, कमला कुलदीप, नीलम, विकास, सुखदेव, खिलावन सिन्हा, राधिका यादव आदि कैम्प को बनाने जुटे हैं।

**पाठक सूचना**

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082

**Health Town**

डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक

Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244

स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD| मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक| इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ| स्तन की गांठ

सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा

Maa Ad.

टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर | Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा

**मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट**

समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रुकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक

जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.) स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## अनदेखी: व्यापारियों से ठगे जा रहे हैं वनांचल के चार गुठली संग्रहणकर्ता

# कनकी और शाक-सब्जी के बदले में बिक रही कीमती चार गुठली


हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

हर साल की तरह इस साल भी जिले के जंगलों में ग्रीष्म ऋतु के इस सीजन में निकलने वाली चार गुठली की अच्छी पैदावार हुई है। लेकिन वनोपज को लेकर सरकार की नीति तथा अनदेखी के चलते इसका लाभ न तो वनोपज संग्रहणकर्ताओं को मिल पा रहा है और न ही सरकार इससे राजस्व प्राप्त कर पा रही है।

जिसका बेजा फायदा व्यापारी उठा रहे हैं। बताया जाता है कि जंगलों से चार गुठली निकलने के साथ ही जिले के वनांचल क्षेत्र के ग्रामों में व्यापारी सक्रिय हो चुके हैं और वे कनकी सहित दूसरी खाद्य व उपयोगी सामग्री के बदले संग्रहणकर्ताओं से चार गुठली खरीद रहे हैं। सूत्रों की माने तो व्यापारियों ने बकायदा इसके लिए गांव-गांव में अपने कोचिए भी तैनात कर दिए हैं जो कनकी रखकर चार गुठली खरीदने बैठे हैं।

दिनभर जंगलों में जान जोखिम में डालकर चार गुठली एकत्र करने वाले वनवासियों से व्यापारियों के इन कोचिओं के द्वारा करीब पांच किलो कनकी के एवज में एक किलो चार गुठली खरीदी जा रही है। जो बाजार भाव के हिसाब से 30-35 रूपए प्रति किलो से ज्यादा की नहीं पड़ती। जबकि शासन ने चार गुठली का समर्थन मूल्य क्वालिटी के हिसाब से तीन दरों में निर्धारित किया है जो क्रमशः 150 रूपए तथा 200 से 300 रुपए प्रति किलो है। लेकिन इसका लाभ संग्रहणकर्ताओं ने नहीं मिल पा रहा है। बताया जाता है कि शासन द्वारा जिस मानक की चार कु ठली की मांग संग्रहणकर्ताओं से की जा रही है वे उस मानक की चार गुठली का संग्रहण कर ही नहीं पा रहे हैं यही वजह है कि उन्हें मजबूरन व्यापारियों को चार गुठली औने पौने दामों में बेंचनी पड़ रही है। इन दिनो विकासखण्ड पंडरिया के वनांचल ग्राम कांदावानी, रूखमीदादर, बांसाटोला, टेकरापानी, भाकुर, सेंदुरखार, अजवाईनवाह, महराडवरा, तेलियापानी लेदरा, आगरपानी, भेलकी, फिफलीपानी, बोहिर पानी, पोलमी, पुटपुटा, सेजाडीह, देवानपटपर, टेड़ापानी, अमलीटोला, रोखनी, मुनगाडीह, नागाडबरा, बदौरा, देवसरा सहित दर्जनों ग्रामों में चार गुठली की तोड़ाई चोरों में चल रही है।

### क्षेत्रीय और बाहरी व्यापारी उठा रहे बेजा फायदा



बताया जाता है कि चार गुठली के लिए सरकार द्वारा निर्धारित किए गए समर्थन मूल्य का फायदा व्यापारी उठाते हैं। सूत्रों के मुताबिक जंगलों से चार गुठली निकलने के पूर्व से सक्रिय व्यापारी शुरूआती दिनों से ही घूम-घूमकर संग्रहणकर्ताओं से दो किलो कनकी, साग सब्जी, मछली आदि खाद्य व उपयोगी सामग्री के बदले चार गुठली की बड़ी मात्रा में खरीदी कर लेते हैं और जब प्राथमिक वनोपज समीति अथवा वन विभाग द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य पर इसकी खरीदी शुरू की जाती है तो इसी चार गुठली को बेंचकर चौखी कमाई कर ली जाती है। बताया जाता है कि इस गौर धंधे में कई सरकारी मुलाजिम भी व्यापारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करते हैं।

# गुरुकुल स्कूल के उत्कृष्ट विद्यार्थियों का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कवर्धा की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था गुरुकुल पब्लिक स्कूल में जिन विद्यार्थियों ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2023-24 में कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्था का नाम गौरवान्वित किया है उन विद्यार्थियों के लिए विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कक्षा 12 वीं वाणिज्य संकाय से प्रथम स्थान पर प्रियांशी अग्रवाल 92.60 प्रतिशत, द्वितीय स्थान पर निष्ठा जैन 89.2 प्रतिशत तथा तृतीय स्थान पर पूजा डेडिया 86.2 प्रतिशत तथा विज्ञान संकाय से प्रथम स्थान पर देनिषा कृति रात्रे 89.6 प्रतिशत, द्वितीय स्थान पर कनक जैन 85.2 प्रतिशत तथा तृतीय स्थान पर अंकित सिंह 84.8 प्रतिशत एवं कक्षा 10 वीं से प्रथम स्थान पर प्रणव तिवारी 95 प्रतिशत, द्वितीय स्थान पर वंशिका राजपूत 93 प्रतिशत तथा तृतीय स्थान पर प्रीतम मंडल एवं आस्था शुक्ला 91.6 प्रतिशत ने अर्जित किये। विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत और सफलता की कहानी मंच के द्वारा सभी को बताई। उनकी सफलता और मेहनत की कहानी सुनकर सभी लोग भाव-विभोर हो गये। सभी विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का मूल मंत्र कड़ी मेहनत और दृढ ईच्छाशक्ति तथा अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। उनके अनुसार गुरूकुल में सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं दिन-रात उनके साथ कठिन परिश्रम करते रहे। गुरूकुल परिवार द्वारा विद्यालय प्रांगण में पुष्प गुच्छ, माला एवं मिठाई खिलाकर सभी विद्यार्थियों तथा उनके अभिभावको का सम्मान किया गया। इस अवसर पर सफल विद्यार्थियों को अध्यक्ष संतोष बोथरा, डायरेक्टर महावीर चंद जैन एवं अभिभावक प्रतिनिधि के रूप में वयोवृद्धि वरिष्ठ नागरिक रामानुज अग्रवाल तथा प्राचार्य द्वारा बधाई व उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। प्राचार्य ने सभी अभिभावको से आग्रह किया कि वे इन विद्यार्थियों पर अपनी मनोइच्छा को न थोपे तथा इन्हे अपने द्वारा निर्धारित मार्ग पर आगे बढने में मद्द करे। इस कार्यक्रम का सफल संचालन प्रशासक संदीप श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इन्होने पधारे हुऐ सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### पैरावट से भरे ट्रैक्टर ट्राली में लगी आग

**कवर्धा।** ब्लाक के ग्राम खैरझिटी पुराना में शुक्रवार सुबह 9.30 बजे ईश्वर जायसवाल के ट्रैक्टर ट्रॉली में आग लग गई। ट्रॉली में पैरा भरा हुआ था। बिजली तार के संपर्क में आने से ट्रॉली में भरे पुआल में आग लगी। देखते ही देखते आग पूरी ट्रॉली में फैल गई। इसकी जानकारी ड्राइवर को नहीं थी। लोगों ने आवाज देकर ट्रैक्टर में आग लगे होने की जानकारी दी, इसके बाद ट्रैक्टर को रोका गया। फिर डॉयल 112 पर कॉल कर फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। फायर ब्रिगेड के पहुंचते तक ग्रामीण निरंजन जायसवाल के खेत में लगे पंप से आग पर काफी हद से काबू पा लिया गया। इसके बाद फायर ब्रिगेड ने आग को बुझाया। इस तरह किसी भी तरह से जान-माल का नुकसान होने से बच गया। यहां बताना लाजिमी होगा कि ग्रीष्म ऋतु के दौरान इस तरह की अग्नि दुर्घटनाएं लगातार सामने आ रही है।

### भीषण गर्मी को देखते हुए आदेश जारी

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले में भीषण गर्मी को देखते हुए कलेक्टर जनमेजय महोबे ने आदेश जारी कर दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक भारवही पशुओं पर सामग्री रखकर या सवारी के लिए उपयोग करने, टांगा, बैलगाड़ी, भैसा गाड़ी पर भजन ढोने को प्रतिबंधित कर दिया है। आदेश पशुओं के प्रति कृरता निवारण परिवहन, कृषिक पशुओं पर कृता निकरण नियम 1965 के नियम (3) में जारी किया गया है। साथ ही नियम का उल्लघन किए जाने पर कार्यवाही का भी प्रावधान किया गया है।

# प्रत्याशियों के भाग्य के फैसले को अब कुछ दिन ही शेष

## प्रत्याशियों सहित नेताओं के बीच टूटने लगा सन्नाटा

- निर्धारित कार्यक्रम के तहत 4 जून को होगी मतगणना

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

मतदान के बाद राजनीतिक गलियारों में लम्बे वक्त से पड़ा सन्नाटा एक बार फिर टूटने लगा है और चुनाव परिणाम को लेकर चर्चाएं और राजनैतिक दलों की तैयारियां शुरू हो गई है।

वहीं दूसरी तरफ जैसे-जैसे मतगणना की तिथि नजदीक आते जा रही है वैसे-वैसे चुनाव मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे प्रत्याशियों के दिलों की धड़कनें भी तेज होते जा रही हैं, तो परिणामों को लेकर मतदान के पूर्व और मतदान के बाद अपने-अपने क्षेत्र से अपने-अपने प्रत्याशियों की जीत का दम भरने वाले विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं की भी सांसे फूलने लगी हैं। इन सबके बीच सटोरिए परिणामों के आंकड़ों पर दांव लगाने ग्राहक तलाश रहे हैं। ज्ञातव्य हो कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार निर्धारित मतदान कार्यक्रम के तहत प्रदेश की सभी 11 विधानसभा सीटों में मतदान कराया जा चुका है। इन 11 सीटों में शामिल राजनांदगांव लोकसभा सीट के अंतर्गत कबीरधाम जिले की दो विधानसभाओं में भी मतदान संपन्न हो चुका है।

जिसकी गणना पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत 4 जून को होनी है। माना जा रहा है कि मई माह का आधा महिना गुजरने के बाद अब मतगणना तिथि की उल्टी गिनती शुरू हो गई है और अब मतगणना को गिने-चुने दिन ही शेष रह गए हैं। राजनांदगांव लोकसभा सीट से अपनी किस्मत आजमाने वाले विभिन्न राजनीतिक तथा गैर राजनैतिक दलों के प्रत्याशियों की जितनी उम्मीदें राजनांदगांव जिले की विधानसभाओं में टिकी हुई हैं उतना ही भरोसा उन्हें कबीरधाम जिले की कवर्धा और पंडरिया विधानसभा सीटों से भी है। परंतु जैसे-जैसे मतगणना की तिथि नजदीक आते जा रही है वैसे-वैसे प्रत्याशियों के दिलों की धड़कन तेज होते जा रही है।

सार्वधिक बेचैनी भाजपा और कांग्रेस खेमे में देखने को मिल रही है। पार्टियों के प्रत्याशियों के अलावा उन पार्टी नेताओं के चेहरों की भी हवाईयां उड़ी हुई हैं जिन्होंने अपने-अपने पार्टी प्रत्याशियों को अपने-अपने क्षेत्रों से जीत का भरोसा दिलाया है। सूत्रों की माने तो राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र की आठों विधानसभाओं के विधायकों से लेकर पार्टी के औहदेदार पदाधिकारियों की प्रतिष्ठा दांव पर है। खासकर भाजपा में तो पार्टी प्रत्याशी की क्षेत्रानुसार जीत प्रतिष्ठा का प्रश्न बनी हुई है।

क्योंकि कबीरधाम जिला पूर्व सीएम एवं सांसद तथा वर्तमान भाजपा प्रत्याशी का गृह जिला होने के साथ प्रदेश के उपमुख्यमंत्री का भी गृह जिला है। कुछ ऐसी ही स्थिति कांग्रेस खेमे में भी बनी हुई है। प्रदेश में हाल में सम्पन्न हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को करारी हाल मिली है। वहीं विधानसभा चुनाव में कवर्धा विधानसभा के कांग्रेसी विधायक तथा कांग्रेस के कद्दावर कहे जाने वाले पूर्व मंत्री मो. अकबर भी चुनाव हार गए हैं। इसी प्रकार पंडरिया विधानसभा से भी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी को मुंह की खानी पड़ी है। ऐसे में अब विधानसभा चुनाव में कांग्रेस अपने सबसे भरोसेमंद प्रत्याशी एवं प्रदेश के पूर्व सीएम भूपेश बघेल से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद कर रही है।हालांकि आने वाले चार जून को परिणाम क्या होंगे यह अभी भविष्य के गर्भ में है लेकिन निश्चित रूप से मतगणना की तिथि नजदीक आने के साथ ही प्रत्याशियों और पार्टी के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की धड़कने बढ़ने लगी है।

### परिणामों को लेकर सटोरिए भी होने लगे सक्रिय

दूसरी तरफ मतदान की तिथि ज्यों-ज्यों नजदीक आते जा रही है सटोरिए सक्रिय हो रहे हैं। प्रत्याशियों की जीत-हार के अलावा विधानसभा में बढ़त, बूथ में बढ़त को लेकर दांव लगाने वाले ग्राहक खोजे जा रहे हैं। कुछ सटोरियों ने तो मतदान के बाद से ही अपना दांव खेल लिया है। माना जा रहा है कि मतगणना के हफ्ते भर पहले यह खेल और रोमांचक हो जाएगा। साथ ही इस खेल के खिलाड़ी भी बढ़ जायेंगे।

# उप-मुख्यमंत्री शर्मा ने 10वीं की परीक्षा पास करने वाले पूर्व नक्सली युवा को दी वीडियो कॉल पर बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

उप-मुख्यमंत्री व गृह मंत्री विजय शर्मा ने आज वीडियो कॉल कर कबीरधाम के उस युवा लिवरु उर्फ दिवाकर से बात की, जो कभी 14 लाख का इनामी नक्सली था, लेकिन अब समाज की मुख्यधारा से जुड़कर अपना भविष्य संवारने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए पुलिस के सहयोग से 10 वीं की परीक्षा पास कर ली है। उप-मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने बड़ी आत्मीयता के साथ लिवरु से बात की, उनकी इस सफलता के लिए हार्दिक बधाई और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए उनका हौसला बढ़ाया। उप-मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा है कि हमारे जो भी भाई बहन रास्ता भटककर नक्सली गतिविधियों से जुड़े हैं वे लिवरु उर्फ दिवाकर से प्रेरणा लें और मुख्यधारा में लौटकर अपने जीवन में भी सुखद परिवर्तन लाएं। हमारी सरकार और हमारी पुलिस हर तरह से सहयोग करने को तैयार है। गौरतलब है कि दिवाकर ने महज 16 साल की उम्र में हथियार उठा लिया था। नक्सली के रूप में 17 वर्षों तक जंगल-जंगल भटकने के बाद अपनी



पत्नी के साथ पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया था। उनकी पत्नी पर 8 लाख रुपए का इनाम था। सरकार की पुनर्वास नीति के तहत आज वे समाज की मुख्यधारा से जुड़कर काम कर रहे हैं। श्री शर्मा ने कहा है कि छत्तीसगढ़ सरकार की नीति से प्रभावित होकर राज्य के नक्सली आत्मसमर्पण कर रहे हैं और समाज में अपनी एक अलग पहचान बना रहे हैं। उप-मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने इस बात के लिए प्रसन्नता व्यक्त की है कि कबीरधाम पुलिस की पहल और मदद से जिले के नक्सल प्रभावित गांवों के 105 छात्रों ने 10 वीं और 12 वीं की बोर्ड परीक्षा पास कर ली है। श्री शर्मा ने सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कबीरधाम पुलिस की सराहना की है। कबीरधाम पुलिस ने जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र और अति नक्सल प्रभावित गांवों के बच्चों को शिक्षित करने और उनकी पढ़ाई लिखाई जारी रखने के लिए 200 से अधिक बच्चों को कक्षा 10 वीं व 12 वीं का ओपन परीक्षा का फॉर्म भरवाया था। पुलिस विभाग की कड़ी मेहनत और लगन से आज 105 विद्यार्थी परीक्षा में पास हुए हैं। ये सभी विद्यार्थी नक्सल प्रभावित क्षेत्र के चिल्फी, तरेगाव, रेंगाखार झलमला, बोड़ला के सुदूर वनांचल गांव के हैं।

## गुरूनाला में चले रहे सफाई कार्य का जायजा लेने पहुंचे नपाध्यक्ष ...

**कवर्धा।** नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक ने शनिवार की शाम को गुरूनाला में चल रहे सफाई कार्य का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होनें गुरूनाला में पहुंचकर सफाई कार्य कर रहे कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश भी दिये तथा उन्होनें बताया कि डिप्टी सीएम विजय शर्मा द्वारा गुरूनाला सफाई कार्य जल्द से जल्द किये जाने हेतु दिये गये निर्देश का पालन करते हुए अब गुरूनाला में दो चैन माउंटेन मशीन की मदद से सफाई कार्य कराया जा रहा है ताकि समय से पूर्व गुरूनाला सफाई का कार्य पूर्ण हो सके। सफाई निरीक्षण अवसर पर शहर मंडल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, दीपचंद कोचर उपस्थित थे।



## सेवा पुस्तिका संधारण के लिए कैम्प व निर्वाचन मानदेय पर की चर्चा

# टीचर्स एसोसिएशन का प्रतिनिधि मंडल कलेक्टर से मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व में कलेक्टर जन्मेजय महोबे से मुलाकात कर लोकसभा निर्वाचन में मतदान प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न होने पर बधाई देने के पश्चात जिले के शिक्षकों के सेवा पुस्तिका संधारण हेतु कैम्प लगाने एवं निर्वाचन मानदेय का भुगतान अविलम्ब करने की मांग पर चर्चा किया। चर्चा के दौरान एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि जिले में कार्यरत शिक्षक संवर्ग के सेवा पुस्तिका का संधारण अद्यतन स्थिति में नहीं होने के कारण पदोन्नति, वेतनवृद्धि सहित कई अन्य लाभ समय पर नहीं मिल पाता है। अतः जिले के सभी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं प्राचार्य डीडीओ में तिथि निर्धारित करते हुए कैम्प लगाकर सेवा पुस्तिका का अद्यतन स्थिति में संधारण करने हेतु जिला शिक्षा अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिया जावे। सेवा पुस्तिका संधारण के समय संबंधित शिक्षक का हस्ताक्षर भी लिया जावे। साथ ही निर्वाचन कार्य सफलतापूर्वक संपन्न कराने वाले मतदान दल के अधिकारियों को मानदेय का भुगतान भी अविलम्ब किया जावे. कलेक्टर ने एसोसिएशन के प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया है कि सेवा पुस्तिका संधारण के लिए कैम्प लगाया जाकर टीएल मीटिंग में इसकी समीक्षा किया जाएगा। निर्वाचन मानदेय का भुगतान भी इस हफ्ते कर दिया जाएगा। इस दौरान प्रमुख रूप से एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी, आसकरण धुर्वे, केशलाल साहू, उमेश चन्द्रवंशी, दिलीप धुर्वे, जयप्रकाश चन्द्रवंशी, नरेंद्र चंद्रोल, प्रकाश केशरवानी, राजेंद्र निर्मलकर, द्वारिका, नंदकुमार पोर्ते, दिनेश राजपूत, सुकदेव चन्द्राकर, नारद कौशिक, महेश उइके, शिव धुर्वे आदि उपस्थित थे।



# कांग्रेस के नेताओं ने डायरिया पीड़ितों का जाना हालचाल

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष होरी राम साहू के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने जिले के विकासखण्ड स. लोहारा स्थित डायरिया प्रभावित ग्राम कोयलारी को दौरा किया और यहां डायरिया प्रभावित मरीजों से मुलाकात कर उनका हाल चाल जाना। इस दौरान जिलाध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि ग्रीष्म ऋतु के इस सीजन में ग्राम कोयलारी सहित ग्राम दैहानडीह में डायरिया का प्रकोप देखने को मिल रहा है जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण उल्टी दस्त के शिकार होकर बीमार पड़ रहे हैं। ग्राम कोयलारी में कुंआ का दूषित पानी पीने के कारण करीब सौ ग्रामीण बीमार पड़े हैं। प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग को डायरिया प्रभावित ग्रामों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराकर पीड़ित ग्रामीणों का उपचार करना चाहिए और लोगों को शुद्ध पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था करनी चाहिए। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने गांव के डायरिया प्रभावित ग्रामीणों के घर जाकर उनसे मुलाकात की तथा उनकी सुध ली। इस दौरान लोहारा ब्लॉक अध्यक्ष रामचरण पटेल, नेतराम जंघेल, चोवाराम साहू, गोपाल चंद्रवंशी, शरद बांग्ली, युवा कांग्रेस कवर्धा वि.सभा अध्यक्ष वाल्मिकी वर्मा, अजय यादव, अंजू पटेल, विक्की लहरे, आशाराम साहू, चंद्रकुमार सिवहरे, लगन साहू, आनंद साहू, धर्मेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।



## सार समाचार

### नेहांशु ने सीबीएसई पैटर्न में मारी बाजी



**खैरागढ़।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई द्वारा दसवी कक्षा के घोषित परिणाम मे दाऊचौरा वार्ड के नेहांशु देवांगन ने 91 प्रतिशत अंक अर्जित कर एकेडमिक पब्लिक स्कूल बेमेतरा मे परचम लहराया है। बचपन से मेघावी नेहांशु डॉक्टर बनकर लोगों की सेवा करना चाहते है। सफलता का श्रेय अपने माता पिता व परिवार शिक्षको व ईस्ट मित्रों को दिया है।

### फ्लाई ओवर के नीचे से हटाएं अवैध ठेला-खोमचा

**राजनांदगांव।** जीई रोड फ्लाई ओवर के नीचे अनाधिकृत रूप से खड़े वाहन एवं अवैध रूप से रखे ठेला खोमचा के कारण गंदगी व्याप्त रहती है, जिसे ध्यान में रखते तथा फ्लाई ओवर को व्यवस्थित व साफ-सुथरा रखने नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने गाड़ी मालिकों एवं संबंधित ठेला-खोमचा वालों से हटाने अपील की है।

उल्लेखनीय है कि शहर के मध्य से गुजरने वाली जीई रोड में फ्लाई ओवर का निर्माण किया गया है, जहां नगर निगम द्वारा साफ-सफाई कर सौंदर्यीकरण किया गया था। उक्त फ्लाई ओवर के नीचे कुछ लोगों द्वारा अनाधिकृत रूप से वाहन खड़ी किया गया है, कुछ वाहन महीनों से बेकार रखे हुए हैं। इसी प्रकार कुछ छोटे व्यवसायियों द्वारा ठेला-खोमचा रख दिया गया है, जो लंबे समय से बंद पड़े हैं। जिसके कारण फ्लाई ओवर के नीचे गंदगी फैल रही है।

आयुक्त गुप्ता ने बताया कि शहर के मध्य मेन रोड में निर्मित फ्लाई ओवर के पास से शहर के बाहर जिले या प्रदेश के लोगों का आना-जाना लगा रहता है, फ्लाई ओवर में गंदगी एवं अव्यवस्था रहने पर लोगों के बीच शहर के प्रति अच्छी धारणा नहीं बनती। साथ ही शहर में सुगम यातायात के लिए फ्लाई ओवर के नीचे व्यवस्थित पार्किंग का निर्माण भी किया जाना है। इसके अलावा फ्लाई ओवर को साफ-सुथरा एवं सुव्यवस्थित कर सुंदर बनाना है।

जिसके लिए अव्यवस्थित वाहन, ठेला, खोमचा हटाया जाना है। आयुक्त गुप्ता ने अपील करते कहा है कि जिन लोगों की वाहनें फ्लाई ओवर के नीचे खड़ी है और जिनके द्वारा अनाधिकृत रूप से ठेला-खोमचा रखा गया है, वे 3 दिवस के भीतर अपना वाहन व ठेला तथा अन्य रखे अनुपयोगी सामग्री हटा लें, ताकि फ्लाई ओवर के नीचे पार्किंग का निर्माण कर साफ-सुथरा तथा व्यवस्थित रखा जा सके।

### कार्रवाई : अंतर्राज्यीय नशे के सौदागर के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई

# मध्यप्रदेश शराब भट्ठी के मैनेजर और सहायक मैनेजर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

मध्यप्रदेश निर्मित शराब छत्तीसगढ़ में खपाने वाले अंग्रेजी शराब दुकान रजेगांव मध्यप्रदेश के मैनेजर एवं सहायक मैनेजर को पुलिस ने गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। अंतर्राज्यीय शराब तस्करी में संलिप्त अन्य आरोपियों का सरगर्मी से तलाश जारी है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार गातापार थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को 9 मई को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ था कि एक सफेद रंग के स्कार्पियों में अवैध रूप से अत्याधिक मात्रा में मध्यप्रदेश निर्मित शराब रखकर मध्यप्रदेश के लांजी से छत्तीसगढ़ सीमा की ओर से आ रही है कि सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों से दिशा निर्देश प्राप्त कर थाना गातापार एवं सायबर सेल की संयुक्त टीम द्वारा नाकाबंदी कर वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। पुलिस चेकिंग देखकर एक सफेद रंग की स्कार्पियो रिवर्स कर भागने लगी। जिसका पीछा करने पर उक्त वाहन को वाहन चालक कटेमा के सूनसान जंगल में खड़ी कर रात के अंधेरे एवं जंगल का फायदा उठाकर फरार हो गया था। उक्त स्कार्पियों वाहन को तलाश कर चेक करने पर गाड़ी के डिक्की एवं पीछे सीट पर 33 पेटी मध्यप्रदेश निर्मित गोवा व्हिस्की अंग्रेजी शराब कीमती 184620 रुपए मिला था, जिस पर अज्ञात फरार वाहन चालक के विरूद्व धारा 34 (2) आबकारी एक्ट कायम कर विवेचना कार्रवाई में लिया गया था।



### आरोपियों पर कार्रवाई

उक्त जानकारी के आधार पर साइबर प्रभारी अनिल शर्मा एवं थाना प्रभारी गातापार देवाराम भास्कर के साथ संयुक्त टीम तैयार कर अंग्रेजी शराब दुकान रजेगांव मप्र से उक्त दोनों मैनेजर से पूछताछ करने पर अपना नाम रमाकांत सिंग 40 साल निवासी जद्दुपुर वार्ड नंबर 11 थाना देव जिला औरंगाबाद (बिहार) हाल पता रजेगांव थाना किरनापुर जिला बालाघाट (मध्यप्रदेश), सोनू दुबे 28 साल निवासी अतर्रा वार्ड नंबर 12 लालथोक पोस्ट अतर्रा थाना अतर्रा जिला बांदा (उत्तरप्रदेश) हाल पता रजेगांव थाना किरनापुर जिला बालाघाट (मध्यप्रदेश) बताए। पूछताछ पर अपराध में शामिल होना स्वीकार करने पर विधिसमत कार्रवाई कर गिरफ्तार कर उक्त तीनों शराब तस्करों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। प्रकरण में अंग्रेजी शराब दुकान के लाइसेंसी एवं अन्य संलिप्तता के संबंध में बारीकी से विवेचना की जा रही है। जिला केसीजी पुलिस के इस कार्रवाई से जहां भारी मात्रा में अन्य राज्य से आने वाले शराब तस्करी को रोका गया। वहीं शराब अवैध तरीके से उपलब्ध कराने वाले मैनेजर एवं सहायक मैनेजर पर कार्रवाई से अंतर्राज्यीय नशे के सौदागरों में हड़कम्प मचा है।

### वाहन चालक राजनांदगांव में पकड़ाया

शराब तस्करी करते फरार उक्त वाहन चालक एवं अन्य अपराध में शामिल आरोपियों के गिरफ्तारी हेतु विशेष टीम तैयार कर पता तलाश की जा रही थी कि मुखबिर से सूचना मिली कि प्रकरण का आरोपी वाहन चालक महेन्द्र वर्मा 34 साल ग्राम खैरा थाना ठेलकाडीह घटना कर राजनांदगांव में छिपा है। सूचना पर आरोपी महेन्द्र को राजनांदगांव से घेराबंदी कर हिरासत में लिया गया। पूछताछ पर आरोपी महेन्द्र ने बताया कि मप्र निर्मित 33 पेटी शराब अंग्रेजी शराब दुकान रजेगांव मप्र से लाकर छत्तीसगढ़ में खपाने की तैयारी थी। उसके साथ अंग्रेजी शराब दुकान रजेगांव के मैनेजर और सहायक मैनेजर भी शामिल हैं।

### 11 केवी को छूते जियो केबल खतरे की घंटी



**राजनांदगांव।** शहर में विगत कई महीनों से जियो फाईबर के केबल तार हर क्षेत्र में लापरवाही तरीके से बिछाये जा रहे हैं। जिसमें प्रथम दृष्टया देखने पर सहज ही पढ़े-लिखे लोग अंदाजा लगा सकते हैं कि जियो फाईबर के केबल तार विद्युत खंभों में लगी 11 केवी की नंगी तारों को छूते हुए जियो के केबल तार नजर आ रहे हैं। यहां यह सर्वविदत है कि यदि मूसलाधार बारिश हुई तो जगह-जगह करंट घरों व सड़कों तक पहुंच जाएगी।

उल्लेखनीय है कि जिन घरों में कनेक्शन कट चुके हैं, वहां की तारे सड़कों व खंभों पर लटक रही है। जियो के अम्बेडकर चौक के पास स्थित आफिस जाकर इस बात की शिकायत की गई, लेकिन वहां जियो फाईबर कंपनी से संबंधित व्यक्ति द्वारा पल्ला झाड़ते कहा गया कि यह हमारा काम नहीं है, इसकी दूसरी टीम होती है, लेकिन उन्होंने दूसरी टीम का नाम, नंबर व पता भी नहीं बताया। उन्होंने यह भी कहा यदि करंट का डर है तो विद्युत विभाग से शिकायत करो।

## युगांतर में सीबीएसई 10वीं-12वीं के टॉपर सम्मानित

**राजनांदगांव।** युगांतर पब्लिक स्कूल में आज सीबीएसई 10वीं तथा 12वीं बोर्ड के टॉपर विद्यार्थी अपने पालक सहित विद्यालय के सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक अकेडमिक्स सुशील कोठारी, नरेंद्र कोटड़िया, अखराज कोटड़िया, पुरुषोत्तम अग्रवाल, प्राचार्य डॉ. मधु पी.चौधरी की उपस्थिति में सम्मानित हुए। इनमें सीबीएसई 10वीं बोर्ड के कुल 22 विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर अपनी शैक्षणिक प्रतिभा का लोहा मनवाया।



अद्वित्य सिंह ठाकुर 96.4 प्रतिशत, सौम्या मोटलानी 95.8 प्रतिशत, सौम्या देवांगन 95.2 प्रतिशत, रौनक अग्रवाल 93.8 प्रतिशत, सौम्या लोहिया 92.6 प्रतिशत, अनुष्का जैन 91.4 प्रतिशत, हितेश घनसनी 91.4 प्रतिशत, रिद्धि पारख 90.6 प्रतिशत, हिमानी जोगी 90.4 प्रतिशत, अर्हन जैन 90.4 प्रतिशत, पूर्वी कोठारी 89.2 प्रतिशत, प्रार्थना डागा 89.2 प्रतिशत, सामर्थ भीमनानी 89.2 प्रतिशत, एंजल मरकाम 88.8 प्रतिशत, ऋषभ पारख 87.6 प्रतिशत, आशीष मिंज 87.2 प्रतिशत, श्रिया बैद 87 प्रतिशत, मिष्टी तेजवानी 86.6 प्रतिशत, यशश्वी रुंगटा 85.8 प्रतिशत, वसुंधरा जैन 85.4 प्रतिशत, आर्या रहटगोंकर 85.2 प्रतिशत, शुभांशु कश्यप 85.2 प्रतिशत अंक अर्जित करने पर सम्मानित हुए। इसी तरह सीबीएसई 12वीं बोर्ड में 24 विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर विद्यालय और नगर का नाम गौरवान्वित किया है। इनमें रिद्धिमा अग्रवाल 95.8 प्रतिशत, ईशान गुप्ता 94.6 प्रतिशत, ओमप्रकाश मोटलानी 94.2 प्रतिशत, हुसैन जमिल 94 प्रतिशत, स्वप्निल टल्लू 93.2 प्रतिशत, अक्षत कोचर 92.4 प्रतिशत, खुशी बया 92.2 प्रतिशत, पुष्कर अग्रवाल 91.4 प्रतिशत, अनुष्का जैन 91 प्रतिशत, राशि राय 90.4 प्रतिशत, निशिता अग्रवाल 90 प्रतिशत, तेजराज सिंह भाटिया 90 प्रतिशत, रिया शुक्ला 89.6 प्रतिशत, ऐश्वर्या रमेश 89.4 प्रतिशत, आस्था खंडेलवाल 89.2 प्रतिशत, लक्ष्य बत्रा 89 प्रतिशत, नोमन कोशले 88.4 प्रतिशत, आराध्य गुप्ता 87.6 प्रतिशत, नमन सिंह 87.6 प्रतिशत, लुपासा नागपुरे 87.2 प्रतिशत, गुरमन सिंह भाटिया 86.2 प्रतिशत, तनीषा जैन 86.2 प्रतिशत, अभय बैद 86 प्रतिशत, दीक्षा साहू 86 प्रतिशत अंक अर्जित करने पर सम्मानित हुए।

इस अवसर पर संस्था के निदेशक अकेडमिक्स सुशील कोठारी ने बच्चों को संबोधित करते कहा कि आपका यह परीक्षाफल आपके भविष्य निर्माण का आधार बनेगा। इसी तरह के विचार निदेशक अकेडमिक्स नरेंद्र कोटड़िया ने भी रखे। प्रावीण्य सूची में स्थान निर्धारित करने वाले विद्यार्थियों और उनके

## उद्यमिता विकास को लेकर कार्यशाला, दिया मार्गदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

महिला सशक्तिकरण और स्वयं सहायता समूह की महिलाओ के उद्यमिता विकास को लेकर शैक्षिक प्रगतिशील मंच ने एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। पद्मश्री फूलबासन यादव, जिपं सभापति विप्लव साहू, डॉ. अनुराधा वर्मा, हेमकल्याणी तोड़े, जनिया साहू, सावित्री वर्मा सहित अन्य की मौजूदगी में आयोजित कार्यशाला में महिला समूह की महिलाओं ने मंच पर बोलना सीखते हुए अपने बीस सालो के काम के दौरान आई चुनौती, लागत, उत्पादन और वर्तमान समय में हो रही मार्केटिंग संबंधी समस्याओं को सामने रखा। लगातार प्रशिक्षण और दौरे के बाद भी प्रशासन और जनमानस का अपेक्षित सहयोग नही मिलने की बात के साथ ज्यादातर महिलओ ने कहा कि इन समस्याओं का निदान समूह हित मे जरूरी है।




## गायत्री विद्यापीठ के विद्यार्थियों का 10वीं-12वीं सीबीएसई बोर्ड में उत्कृष्ट प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गायत्री विद्यापीठ सीबीएसई बोर्ड के 10वीं और 12वीं के परिणामों में विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। 10वीं सीबीएसई बोर्ड में प्रथम मानव शर्मा ने 94.6 प्रतिशत, द्वितीय भूमिका साहू 92.8 प्रतिशत, अदिति सिन्हा ने 92.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रही। अदिति सिन्हा ने संस्कृत में 100 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शाला को गौरवान्वित किया। भूमि किरण अग्रवाल 92 प्रतिशत, जय सोलंकी 91.80 प्रतिशत, अनमोल गुप्ता 90.20 प्रतिशत, भूमिका हिरवानी 90 प्रतिशत अंक अर्जित कर शाला को गौरवान्वित किया।

शाला की व्याख्याता उर्मिला मिश्रा के अनुसार 12वीं विज्ञान संकाय बायोलॉजी में प्रथम स्थान पर अभय शर्मा ने 91.80, द्वितीय सृष्टि सिन्हा 88.20, तृतीय युक्ति पटेल ने 87.60 प्रतिशत, गणित संकाय में जय बजाज ने 87.60 प्रतिशत प्रथम, मयंक कुमार मोहनमाला 85 प्रतिशत द्वितीय, राहुल वर्मा एवं उज्जवल अग्रवाल ने 83.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार वाणिज्य संकाय में ईशा जैन 89.20 प्रतिशत प्रथम, कनिका टॉक 87.20 प्रतिशत द्वितीय, एकता जैन कांकरिया ने 82.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शाला में तृतीय रही।

प्रतिभावान छात्रों का सम्मान पालकगण के साथ शाला परिसर स्थित गायत्री मंदिर में तिलक वंदन, माल्यार्पण व मिष्ठान खिलाकर किया गया। इस अवसर पर गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष बृजकिशोर सुरजन द्वारा बच्चों के उत्कृष्ट परिश्रम के फलस्वरूप उन्हें पुरस्कृत करते घोषणा की गई कि 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को फीस में 25 प्रतिशत की छात्रवृत्ति देने का निर्णय लिया गया। अन्य स्कूल से प्रवेश लेने वाले छात्र जिनका 90 प्रतिशत से अधिक अंक है, उन्हें भी इस छूट का लाभ देने की घोषणा की गई। इस अवसर पर गायत्री शिक्षण समिति के बृजकिशोर सुरजन, संध्यादेवी सिंघल, राजेश जैन, गगन लड्ढा, निकुंज सिंघल, सूर्यकान्त चितलांग्या, नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, हरीश गांधी, रूपाली गांधी, अमित उत्तलवार, शैलजा नायर, रश्मि ठाकुर, अनिल वाजपेयी एवं शिक्षकों ने छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना करते बधाई दी है।

### अभिषेक ने 10वीं में प्राप्त किए 94 प्रतिशत अंक



**राजनांदगांव।** सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यामंदिर में12वीं एवं 10वीं का परीक्षाफल 100 प्रतिशत रहा। कक्षा 10वीं में अभिषेक सोनी ने 94 प्रति. अंक प्राप्त कर नगर एवं विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। ठेठवारपारा निवासी कैलाश सोनी श्रीमती कंचन सोनी के सुपुत्र अभिषेक प्रारंभ से ही मेधावी छात्र रहा है। उनकी इस उपलब्धि पर संस्था के सदस्यों, प्राचार्य एवं शिक्षकों ने बधाई दी है।

## छग पुलिस की व्यवस्था पर शोध पटेल ने हासिल की पीएचडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



पुलिस महकमे में निरीक्षक पद पर पदस्थ नरेश पटेल ने दुर्ग के हेमचंद विश्वविद्यालय से पीएचडी की डिग्री हासिल कर ली है। श्री पटेल को यह डिग्री छत्तीसगढ़ में पुलिस व्यवस्था के दो दशक दुर्ग जिले के विशेष संदर्भ में किए गए शोध कार्य के लिए दी गई है। उन्हें विश्वविद्यालय की तरफ से 17 मई को यह उपाधि जारी हुई है।

उल्लेखनीय है कि निरीक्षक पटेल विभिन्न जिलों में अपनी सेवाएं दे चुके हैं और मौजूदा वक्त में जांजगीर-चांपा में पदस्थ हैं। श्री पटेल ने वर्ष 2019 में दुर्ग की हेमचंद युनिवर्सिटी से पीएचडी करने की शुरूआत की थी। उन्होंने इतिहास विषय में छत्तीसगढ़ में पुलिस व्यवस्था के दो दशक विशेष संदर्भ दुर्ग जिला में अपना शोध कार्य किया। इतिहास विषय से संबंधित प्रथम पीएचडी वाइवा में शोधार्थी नरेश पटेल ने पावर पॉइंट प्रस्तुतिकरण के माध्यम से अपना शोध कार्य प्रस्तुत किया। नरेश पटेल ने अपना शोध कार्य शोध निर्देशक सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ. किशोर कुमार अग्रवाल एवं सह शोध निर्देशक साइंस कॉलेज दुर्ग के सहायक प्राध्यापक डॉ. अनिल कुमार पांडे के मार्गदर्शन में किया। शोधार्थी नरेश पटेल ने अपने वायवा के दौरान पुलिस द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दी।

### अन्य प्रविधियों को भी स्थान

प्रस्तावना, निष्कर्ष एवं परिशिष्ट को अध्यायों की सूची में सम्मिलित नहीं किया गया है। जबकि आरेख, मानचित्र, तालिका, चित्रावली, संक्षेप सूची, शब्द संकलन, संदर्भ ग्रंथ सूची, प्रश्नावली अनुसूची तथा समाचार पत्र कतरनों को पृथक स्थान दिया गया है। प्रस्तावना में शोध प्रारूप के अंतर्गत पूर्ववर्ती साहित्य की समीक्षा एवं अन्य शोध संबंधी प्रविधियों को पृथक से शोध प्रबंध के प्रारंभ में ही स्थान दिया गया है।







## एनबीआईएस में नीट, जेईई तथा सीए फाउंडेशन प्रतियोगी परीक्षाओं की विशेष तैयारी निःशुल्क

- 9वीं व 11वीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक पाने पर प्रवेश शुल्क पर 100 फीसदी छूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में उच्च कक्षाओं में विज्ञान संकाय (बायोलाजी, मैथ्स) तथा वाणिज्य संकाय की कक्षाएं संचालित की जा रही है। जिसमें विषय अनुरूप शहर के श्रेष्ठ शिक्षकों का मार्गदर्शन छात्रों को मिल रहा है।

संस्था के संचालक नीरज बाजपेयी ने बताया कि इस वर्ष इन्हीं विषय विशेषज्ञों द्वारा स्कूल की पढ़ाई के उपरांत अतिरिक्त कक्षाओं द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे नीट, जेईई एवं सीए फाउंडेशन की पढ़ाई भी पालकों के आग्रह पर कराने की विशेष व्यवस्था की जा रही है। जिसमें प्रतियोगी परीक्षाओं की इच्छा रखने वाले सीमित छात्रों की क्लास बनाकर एक्स्ट्रा क्लासेस में निःशुल्क मार्गदर्शन दिया जाएगा। जिससे बच्चों को दूसरे शहरों में जाकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने से निजात मिलेगी।

12वीं एवं 12वीं के छात्रों को जेईई, नीट हेतु मैथ्स विषय के लिए दिलीप चोपड़ा (भिलाई) 24 वर्षो का अनुभव, केमेस्ट्री के लिए डॉ. इतेश जंघेल (पीएचडी -केमेस्ट्री) 24 वर्षो का अनुभव, स्नेहा जोगी (एमएससी गोल्ड मेडलिस्ट) 9 वर्षो का अनुभव, बायो के लिए हार्दिक ठक्कर (अनअकेडमी एंड आकाश का 3 वर्षो का अनुभव), फिजिक्स के लिए परिवेश जैन (एनआईटी) 5 वर्षो का अनुभव तथा सीए फाउंडेशन परीक्षाओं की भी तैयारी के लिए दीपेश पटेल 26 वर्षो का अनुभव, हितेश रायचा 10 वर्षो का अनुभव, स्नेहा अलप्पा 18 वर्षो का अनुभव, प्रतीक रहनडाले 10 वर्षो का अनुभव द्वारा मार्गदर्शन दिया जाएगा।

शाला में नए सत्र से कक्षा 9वीं एवं 10वीं के बच्चों को जेईई, नीट के लिए आधार बनाने हेतु मैथ्स एवं साइंस के विषय विशेषज्ञों अमान सिद्दिकी (12 वर्षो का अनुभव), मनीष देवांगन (5 वर्षो का अनुभव), दक्षा जोबनपुत्रा (7 वर्षो का अनुभव), स्वप्निल तिवारी (8 वर्षो का अनुभव), प्रियांश सोनी (5 वर्षो का अनुभव) की देखरेख में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु बेसिक फाउंडेशन कोर्स कराया जाएगा। इन प्रतियोगी परीक्षाओं के साथ ही शाला में फिजिकल एजुकेशन डॉ. विकास वैष्णव तथा योगेश चौहान, अंग्रेजी हेतु निधि शुक्ला तथा मनीषा शर्मा, हिन्दी विषय हेतु स्मिता भारद्वाज तथा गीता वैष्णव, सामाजिक विज्ञान हेतु सुष्मिता मंडल तथा कम्प्यूटर हेतु शुभांशी शर्मा व मेघा रक्टाटे द्वारा ली जाती है।

एनबीआईएस में आधुनिकता को देखते शारीरिक तथा मानसिक रूप से बच्चों के समग्र विकास के लिए नवीन इंडोर खेलों की व्यवस्था की गई है। 11 एकड़ के शाला परिसर में नए दो बैडमिंटन कोर्ट, बास्केटबाल कोर्ट, हैंडबाल, दो व्हालीबाल कोर्ट, दो टेबल टेनिस, फुटबाल, खो-खो, हैंडबॉल, क्रिकेट एवं क्रिकेट के लिए नेट प्रेक्टिस पिच एवं ओपन जिम की स्थापना की गई है। इंडोर तथा आउटडोर गेम के लिए सर्वसुविधायुक्त मैदान के साथ खेल प्रशिक्षकों की नियुक्ति भी की गई है। एनबीआईएस की मेस सुविधा को पालकों का अच्छा प्रतिसाद मिला है। बच्चों के गरम, पौष्टिक, ताजा भोजन एवं दूध की प्रशंसा पालकों द्वारा की जाती रही है। जीपीएस एवं कैमरे मॉनिटरिंग सुविधा के साथ बच्चों को बसों से सुरक्षित लाने-ले जाने की व्यवस्था की गई है।

शहर में आवासीय परिसर की व्यवस्था भी इस सत्र से की जा रही है। बच्चों के परिणाम से संतुष्ट शाला द्वारा इस नए सत्र से कक्षा 9वीं व 11वीं के अस्सी प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले विद्यार्थियों को नए कक्षा में प्रवेश पर प्रवेश शुल्क की सौ प्रतिशत तथा अस्सी तथा अस्सी से कम अंक प्राप्त छात्रों को प्रवेश पर पचास प्रतिशत की छूट प्रदान जा रही है।



### किसानों व ग्रामीणों की सुविधा हमारी प्राथमिकता, नहर का निर्माण जल्द पूर्ण होगा: विधायक

# बकेला-क्रांति नहर विस्तारीकरण कार्य का विधायक भावना ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

पंडरिया विधानसभा में सिंचाई व पेयजल हेतु पर्याप्त जल आपूर्ति के लिए कुकदुर मंडल अंतर्गत निर्मित होने वाले बकेला-क्रांति फीडर केनाल के प्रस्तावित स्थल का पंडरिया विधायक ने यथास्थल पर जाकर निरीक्षण किया एवं ग्रामीणों व किसानों के साथ भी उन्होंने चर्चाकर अधिकारियों को निर्देशित किया।

इस दौरान किसानों की मांग को लेकर भी श्रीमती भावना बोहरा ने अधिकारियों को संज्ञान में लेते हुए किसान हित को प्राथमिकता देने की बात कही साथ ही सर्वे के कार्य एवं पूर्व में हुए कार्यों की भी समीक्षा उनके द्वारा की गई। विदित हो कि पूर्व की कांग्रेस सरकार के दौरान ओपन नहर को बंद नहर के रूप में परिवर्तित कर दिया गया था, इसके साथ ही विभाग द्वारा बिना टेंडर जारी किए पाइप लाइन की सप्लाई व उसका भुगतान भी कर दिया गया था, परन्तु श्रीमती भावना बोहरा द्वारा इस विषय में हस्तक्षेप के बाद पाइप लाइन की सप्लाई को रोका गया।

इस दौरान विधायक ने कहा कि किसानों का हित एवं क्षेत्रवासियों की सुविधा ही हमारी प्राथमिकता है। किसानों द्वारा सिंचाई हेतु पर्याप्त जल की आपूर्ति हेतु यह बहुप्रतीक्षित मांग थी, परन्तु पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के दौरान इस कार्य में हुए अनियमितता के कारण इसमें विलंब हुआ। सर्वे के कार्य में भी किसानों व ग्रामीणों द्वारा अनियमितता की जानकारी मिली है जिसके लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया है वहीं किसानों व ग्रामीणों की मांग को प्राथमिकता देते हुए अधिकारियों को केनाल निर्माण के कार्य को जल्द पूरा करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। किसानों की फसल अच्छी हो और उन्हें सिंचाई व ग्रामीणों को निस्तारी कार्य के लिए पर्याप्त पानी मिल सकें यही हमारा लक्ष्य है और इसी के तहत इस केनाल का जल्द निर्माण हो सकें, इसके लिए आज ग्रामीणों व किसानों के साथ हमने यथास्थल का निरीक्षण किया।



#### पंडरिया ब्लॉक के गांवों में 30 हजार एकड़ रकबा सिंचित होगा

विधायक ने बताया कि पंडरिया ब्लॉक के करीब 40 गांव को सिंचाई सुविधा देने के लिए 43.81 करोड़ रुपए की लागत से बकेला-क्रांति फीडर केनाल प्रोजेक्ट का निर्माण किया जा रहा है। केनाल बकेला से करीब 30 किलो मीटर दूर बीजाभाठा तक के गांवों में गुजरेगी। इससे 12 हजार हेक्टेयर यानी करीब 30 हजार एकड़ रकबा सिंचित होगा। जिसमें ग्राम मोहतरा, किशुनगढ़, पुसेरा, बांधा, पौनी, तिलाईभाट, पेंड्री, तोरला, नेउरगांव, महली, नानापुरी, सूरजपुरा, बर्घरा, महका, भैंसबोड़, बीजाभाठा, नौरोली, नवगांव मुसऊ सहित दो दर्जन से अधिक गांवों व किसानों को फायदा पहुंचेगा। जहां गर्मी में जल संकट ज्यादा रहता है। इससे सिंचाई क्षमता बढ़ने से किसानों को भी लाभ मिलेगा और उन्हें अच्छी फसलों के साथ अधिक आर्थिक लाभ भी मिलेगा। इसमें केनाल के माध्यम से हाफ नदी के पानी को क्रांति जलाशय के नहर में मिलाया जाएगा और इसके पास स्थित रमतला जलाशय को भी भरने का कार्य किया जाएगा जिससे क्षेत्र के हजारों किसान परिवारों को संचाई व ग्रामीणों को निस्तारी हेतु जल आपूर्ति होगी।

#### किसानों का सर्वांगीण विकास व उनके हितों के प्रति कार्य करना ही हमारा एकमात्र उद्देश्य

विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने कहा कि किसान भाई-बहन हर मौसम में चाहे वह तपती धूप हो या कड़ाके की ठण्ड या बारिश हर समय हमें भोजन उपलब्ध कराने के लिए कड़ा परिश्रम करते हैं, खून-पसीना एक कर फसल उगाते हैं ताकि कोई भूखा न रहें। ऐसे में हमारा भी दायित्व बनता है कि उनके अधिकार व हित के लिए हम अपने दायित्वों को पूरा करें। पूर्व की कांग्रेस सरकार द्वारा इस परियोजना को माध्यम से अपने करीबियों व चहेतों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से भ्रष्टाचार करने का प्रयास किया गया। जिसके लिए हमने मिलकर आवाज उठाई। परन्तु अब छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की भाजपा सरकार है जहां किसानों व जनता का सर्वांगीण विकास एवं उनके हितों के प्रति कार्य करना ही हमारा एकमात्र उद्देश्य है। हमने किसानों व ग्रामीणों से भी चर्चा की इस दौरान उनके भी सुझाव लिए गए हैं। मैं उन्हें आश्वस्त करना चाहती हूँ कि उनके सुझावों को भी प्राथमिकता के साथ पूरा करने के लिए विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

## ग्रामीण क्षेत्रों में नल जल मिशन योजना का हाल-बेहाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

पंडरिया ब्लांक अंतर्गत आने वाली ग्राम बसनी में नल-जल योजना के निर्माण कार्य धीमी-कछुआ गति से किया जा रहा है। शहर सहित अंचल में शासन-प्रशासन द्वारा लगातार मॉनिटरिंग करने के बाद भी नल-जल मिशन का हाल-बेहाल है, लगातार शासन द्वारा कहा जा रहा है कि नल जल मिशन द्वारा जांचकर पानी उपलब्ध किया जाए पानी की समस्या को देखते हुए नल-जल मिशन योजना अंतर्गत पानी टंकी निर्माण कराया जा रहा है।

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि जहां पानी टंकी से पाइप लाइन द्वारा ग्रामीणों के घरों में पानी पहुंचाने के लिए बनाया जा रहा पानी टंकी में बनाया जा रहा है। ऐसे में करोड़ों रुपए खर्च होने के बाद भी इस योजना का लाभ बसनी वासियों को कितने दिनों नल जल मिशन योजना का लाभ मिलेगा।

करोड़ों की लागत से बसनी में जल जीवन मिशन के तहत नल-जल योजना का काम किया जा रहा है। अभी तक यहां बाउड्रीवॉल व ग्राउंड लेवल पर पानी स्टोर करने टैंक बनाया जा रहा है। सरकार द्वारा अच्छी योजना शुरू की है, लेकिन निर्माण कार्य कछुआ गति से होने से ग्रामीणों को नल-जल मिशन योजना का लाभ नहीं मिल पा रही है, इस प्रकार नल जल मिशन का ग्रामीण क्षेत्र में समस्या व नल जल मिशन अंतर्गत घर-घर नल टोकी सिर्फ शोपीस की तरह घर के सामने लगा दिया गया है।

वहीं नल जल मिशन योजना के लाभ से वंचित है। जिसमें ग्राम पीररमाटी, घोरपेंड्री, पेंड्रीकला, बसनी, कुआमालगी व आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### खबर संक्षेप

#### तारणी ने कक्षा 10वीं में 95 प्रतिशत प्राप्त किए

**कवर्धा।** शासकीय हाई स्कूल अमलीडीह का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। जिसमें स्कूल में कुल 100 छात्र छात्राएं अध्ययनरत थें जिसमें 98 विद्यार्थी परीक्षा मे शामिल हुए, वहीं 70 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। जिसमें प्रथम श्रेणी में 16, द्वितीय श्रेणी में 50 व तृतीय श्रेणी में 4 वहीं 23 छात्र-छात्राएं अनुत्तीर्ण एवं 7 पूरक रहें। इस तरह स्कूल का परीक्षा परिणाम 72 प्रतिशत रहा। वहीं छात्र तारणी पिता राजकुमार ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्तकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान आशुतोष पिता अरूण 90.16 प्रतिशत तथा संगीता पिता शिवकुमार 89.3 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। वहीं विद्यालय के प्रचार्या व शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बधाई व उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई।

#### विद्युत व्यवस्था सुधारने के निर्देश

**डोंगरगढ़।** हवा तुफान के बाद बिजली की आंख मिचौली को लेकर पूर्व विधायक विनोद



खांडेकर ने विद्युत मंडल के मुख्य कार्यपालन अभियंता एनके साहू से चर्चा कर व्यवस्था सुधारने कहा है। उन्होंने बारिश के पूर्व मेंटनेंस करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में कई ट्रांसफार्मर जर्जर होने के साथ खुले हैं जिससे दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है। उन्होंने हवा तुफान को देखते हुए पेड़, टहनियों को हटाने, जर्जर पोलो, के अलावा कम उंचाई क्षेत्र से निकले हाईटेंशन तार को भी ट्रांसफर्मर, आउट कम टेबल को सुधार कर तत्काल व्यवस्था सुधारने कहा है।

## बंदियों को कराया न्यायधीशों ने विधिक अधिकारों से अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

सलोनी उप जेल मे निरूद्ध बंदियो को न्यायधीशो ने उनके विधिक अधिकारो से अवगत कराया। छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार जिविप्रासे अध्यक्ष सुषमा सावंत राजनांदगांव, सचिव हेमंत कुमार रात्रे और जेएमएफसी गुरु प्रसाद देवांगन ने उप जेल निरीक्षण किया।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुषमा सावंत द्वारा उप जेल मे निरूद्ध विचाराधीन बंदियों को संबोधित करते हुए निशुल्क व सक्षम विधिक सहायता के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि जो विचाराधीन बंदी अपने वेयर से अधिवक्ता नियुक्त करने में समर्थ नहीं हैं वह अपना आवेदन तालुक विधिक सेवा समिति में जेल अधीक्षक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं जहां से आपको केस में पैरवी करने के लिए अधिवक्ता निशुल्क नियुक्त किया जाएगा। सचिव हेमंत कुमार रात्रे ने बंदियों के अधिकारों के बारे में बताया कि कानून मुताबिक किसी भी शख्स को तब तक गुनाहगार नहीं माना जा सकता जब तक कि कोर्ट आरोपी को दोषी नहीं मानता। जब भी किसी शख्स के खिलाफ कोई आरोप लगता है तो वह आरोपी होता है और जब उक्त शख्स का केस अदालत के सामने आता है तब उसका यह संवैधानिक अधिकार है कि उसे अपने बचाव का मौका मिले।



#### जुर्म कबूल करने से सजा होती है कम

ज्यूडिशल मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी गुरु प्रसाद देवांगन ने प्ली बारगेनिंग के संबंध में बताया कि किसी व्यक्ति द्वारा किया गया ऐसा अपराध जिसकी सजा सात साल या उससे कम है, उसने पहली बार अपराध किया है तो वह अपनी सजा कम करने मजिस्ट्रेट के समक्ष आवेदन कर सजा में सौदेबाजी कर सकता है। छोटे अपराधों में पीड़ित और अभियुक्त आपसी सामंजस्य से सौदेबाजी कर सकते हैं। अगर कोई आरोपी अपनी गलती स्वीकार करता है तो उसे कम सजा दी जाती है लेकिन प्ली बारगेनिंग का लाभ किसी भी विचाराधीन आरोपी को एक बार ही मिल सकता है। डीजे श्रीमति सावंत द्वारा विचाराधीन बंदियों का हालचाल पूछा गया, उनके स्वास्थ्य के बारे में भी जाना गया साथ ही उनकी समस्याओं को भी सुनने के बाद बंदी बैरक, पाकशाला, वीसी कक्ष का निरीक्षण किया गया।

## विधायक ने किया छात्र का सम्मान, घर पहुंचकर दी बधाई

**खैरागढ़।** छग माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा हाईस्कूल स्कूल के घोषित परीक्षा परिणाम मे अमलीपारा वार्ड 12 में छात्र होमेश वर्मा के 93 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होने पर विधायक यशोदा वर्मा ने घर पहुँचकर सम्मान किया और बधाई दी। अमलीपारा निवासी आलोक वर्मा और माता प्रमिला वर्मा के पुत्र होमेश व परिजनों से मुलाकात कर बधाई देते हुए उन्होंने आगे की पढ़ाई के लिए हर संभव मदद का आश्वासन देते हुए बेहतर शिक्षा के लिए प्रेरित किया। विधायक श्रीमती यशोदा नीलांबर वर्मा ने जिले मे दसवी बारहवी बोर्ड परीक्षा मे स्थान प्राप्त के अलावा सभी सफल परीक्षार्थियो को बधाई देते हुए जिन बच्चो का परीक्षा मे कम अंक आया उन्हें निराशा से बचकर नए सिरे से आने वाले समय पर कड़ी मेहनत कर बेहतर परिणाम लाने कहा है।



#### साखरे को मिली डाक्टरेट की उपाधि

**डोंगरगढ़ ।** प्रो जितेंद साखरे को पीएचडी की उपाधि मिली है। उनकी इस उपलब्धि पर प्रेस क्लब के सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दिया है। श्री साखरे वर्तमान में रानी रश्मिदेवी महाविद्यालय खैरागढ़ के प्रोफेसर हैं। उन्हें पूर्व में राष्ट्रपति एवं राज्यपाल से अवार्ड मिल चुका है।

## चल रहा जमीन का गोरखधंधा

**डोंगरगढ़।** सीमांकन, नामांतरण आदि कार्य के एवज में इन दिनों तहसील कार्यालय में जमकर ऊगाही किया जा रहा है। शासकीय जमीनों पर अवैध कब्जा, कृषि भूमि पर अवैध निर्माण, अवैध प्लाटिंग, नियम विरूद्ध रजिस्ट्री का खेल बेरोकटोक चल रहा है। अवैध प्लाटिंग की रजिस्ट्री में 15 हजार तक कमीशन लिया जा रहा है वहीं दूसरी तरफ किसी जमीन की रजिस्ट्री के पहले मूल्यांकन किया जाता है किन्तु 10 लाख की जमीन का बिक्रीनामा 3 से 4 लाख में कर शासन को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। सामान्य, उद्योग, कृषि भूमि की रजिस्ट्री में नियम दरकिनार कर निर्धारित दर से कम में रजिस्ट्री किया जा रहा है। पिछले एक साल में हुई रजिस्ट्री की जांच की जाए तो बड़ी गडबड़ी का खुलासा होगा। इस खेल में आरआई, पटवारी, तहसीलदार, रजिस्ट्रार कार्यालय के कर्मचारी सहित कुछ स्टाम्प वेंडर शामिल है। हाल ही में शहर की लाखों रूपयें की जमीन का फर्जी आधार कार्ड, चेक और दस्तावेज के आधार पर रजिस्ट्री करने का मामला प्रकाश में आया था। जानकार बताते है कि अवैध उगाही के चक्कर में दस्तावेज की जांच नहीं जाता है जिससे कूटरचना कर कुछ लोगों ने जमीन की रजिस्ट्री कराने में सफल हो जाते हैं।

## चौरे स्कूल के बच्चे मिले डॉ. रमन सिंह से

**खैरागढ़।** ब्लाक के देवरी मे संचालित केजऊ राम चौरे स्कूल के बच्चो ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से मुलाकात की। सत्र 23-24 मे स्कूल मे अध्ययनरत दो दर्जन से ज्यादा बच्चो का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़, सैनिक स्कूल अंबिकापुर मे प्रवेश के लिए हुआ है। शाला प्रबंधन की उपलब्धि क्षेत्र के गौरव का विषय है। पूर्व विधायक कोमल जंघेल के साथ मुलाकात के लिए पहुचे बच्चो को डॉ रमन सिंह ने अपने हाथो से मिठाई खिलाई और प्रतीक चिंह भेंटकर सम्मान करते हुए कहा कि वनांचल मे बसे छोटे से गाँव मे कम संसाधन होने के बावजूद शाला संचालन और बच्चो की प्रतिभा को तराशकर बेहतर भविष्य बनाने मे चौरे स्कूल स्टाफ का कार्य सराहनीय है। उन्होने शाला संचालक सुरेश कुमार चौरे को बधाई देते हुए आगे बढने प्रोत्साहित किया।



## स्कूल में समर कैंप 30 तक

**घुमका।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़े टेमरी में समर कैंप का आयोजन किया गया है जो आगामी 30 मई तक चलेगा। प्रभारी प्राचार्य नीलिमा ठाकुर ने बताया कि छात्र छात्राओं में अध्ययन अध्यापन में रूचि जगाने के लिए कैम्प में विभिन्न गतिविधियां आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में 16 से 18 मई तक अंग्रेजी से संबंधित विभिन्न क्रियाकलाप कराए गए। अंग्रेजी की व्याख्याता आशा शर्मा ने इंग्लिश ग्रामर से संबंधित प्रश्नोत्तरी, ग्रीटिंग कार्ड बनाना, क्रिएटिव राइटिंग, स्पोकन इंग्लिश, सेंटेंस फॉरमेशन एवं इंग्लिश ट्री के माध्यम से ग्रामर को रोचक बनाने की गतिविधियां आयोजित किया। प्रभारी प्राचार्य नीलिमा ठाकुर, कमला कुलदीप, नीलम, विकास, सुखदेव, खिलावन सिन्हा, राधिका यादव आदि कैम्प को बनाने जुटे हैं।



ज्योतिषी
बना बनाया काम बिगड़ना, ऊपरी हवा, पति पर स्त्री के वस में होना, शराब छुड़ाने की गारंटी, वशीकरण मोहनी की गारंटी के साथ घरेलू समस्या, बच्चों का मन पढ़ाई में न लगना, शादी विवाह में अड़चन, प्रेम विवाह, सभी समस्या का निवारण, तंत्र-मंत्र वैदिक पद्धिति के द्वारा स्थायी हल।
पता- दीपक महाराज
रायपुर नाका, घोठिया रोड ज्योति विद्या मंदिर हाईस्कूल के पीछे कवर्धा
Mo. 9300415345

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

## प्रशिक्षण के बाद छात्राओं को मिला प्लेसमेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोमनी



प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा अंजोरा में संचालित हॉस्पिटालिटी प्रशिक्षण केंद्र में बेरोजगार युवाओं हॉस्पिटालिटी कोर्स का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

बैच क्रमांक 18 की छात्राओं को 45 दिन का प्रशिक्षण दिया गया। सभी छात्राओं को विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने ऑफर लेटर प्रदान किया। डां. सिंह ने इस दौरान छात्राओं को घर परिवार के बारे में जानकारी ली और सभी से आगे पढ़ाई जारी रखने कहा। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद हॉस्पिटालिटी कोर्स की 4 छात्रा रिंकी, उमेश्वरी, रोशनी, हिमेश्वरी को भिलाई की होटल फ्लोरेट इन, हैदराबाद की होटल किनारा ग्रांड में दीप्ती, वैट्रीना, मोना, खुमेश्वरी को राजनांदगांव की होटल अमोरा में प्लेसमेंट मिला है। सेंटर के एडमिन धनेश्वर साहू ने बताया कि इन सभी को छत्तीसगढ़ में 9 हजार और हैदराबाद में 10 हजार सैलरी के साथ भोजन आवास-सुविधा मिली है। इस अवसर पर सृजन सामाजिक संस्था के अध्यक्ष शरद श्रीवास्तव तथा अंजोरा हॉस्पिटालिटी से एडमिन-धनेश्वर साहू, काउंसलर हिरमत साहू, ट्रेनर बैशाखी डे, ईडीपी कार्यक्रम रायपुर के मुरारी साहू उपस्थित थे।

Health Town
डॉ. टाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD | मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक | इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1, गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.
मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना। प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.) स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133